foreign exchange we are spending on it?

**Shri K. D. Malaviya:** We are spending roughly about Rs. 15 to 18 crores in importing kerosene oil from abroad.

**Shri Venkatasubbaiah:** May I know the price of the kerosene oil that is going to be imported, and whether it comapares favourably with the prices in this country?

**Shri Hajarnavis:** Most favourable.

**अखिल भारतीय शिक्षा सेवा**

*४४३. **श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अखिल भारतीय शिक्षा सेवा शुरू करन का प्रश्न विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में क्या प्रगति हुई है; और

(ग) क्या वर्तमान संकट में राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ आधार प्रदान करने की दृष्टि से इस प्रश्न पर विचार किया गया है ?

**शिक्षा मंत्री (डा० का० ला० श्रीमाली):** (क) जी हां ।

(ख) राज्य सरकारों से यह बताने की प्रार्थना की गई है कि क्या वे ऐसी सेवा के गठन से सिद्धान्त रूप से सहमत हैं । कुछ राज्य सरकारों से अभी उत्तर आान बाकी हैं ।

(ग) राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहित करने के लिए भारत सरकार वर्तमान संकट के प्रारम्भ होन से पहले से ही इस विषय पर विचार कर रही थी ।

[(a) Yes, Sir.

(b) The State Governments were requested to indicate whether they agreed, in principle, to the constitution of such a Service. Replies from some of them are still awaited.

(c) Even before the advent of the present emergency, Government had this under consideration with a view to promoting national integration.]

**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** मैं जानना चाहता हूं कि किन किन राज्यों ने अपने उत्तर अभी तक नहीं भेजे ह ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** जिन के उत्तर आए हैं, वे राज्य ह, बिहार, गुजरात, जम्मू और काश्मीर, केरल, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, असम, मैसूर, मद्रास, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, वैस्ट बंगाल और पंजाब । बाकियों के नहीं आए हैं ।

**श्री द्वा० ना० तिवारी :** जिन राज्यों के अभी तक उत्तर आए ह, उनकी इस बारे में क्या प्रतिक्रिया है ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** जिन से उत्तर आए ह, उन में से कुछ ने तो सिद्धान्त रूप म इसको स्वीकार किया है, कुछ ने कहा है कि निश्चित जवाब बाद म दिया जायेगा और कुछ ने यह लिखा है कि इसकी जरूरत नहीं है, इस सर्विस की जरूरत नहीं है ।

**श्री सिद्धेश्वर प्रसाद :** अखिल भारतीय सेवाओं के कानून में संशोधन आने वाला है । उस में इंडियन एजुकेशनल सर्विस को भी शामिल करने के प्रश्न पर क्या सरकार विचार करेगी ?

**डा० का० ला० श्रीमाली :** जी नहीं । अभी तो इसका पूरा जवाब ही नहीं आया है । अभी तो प्रश्न ही नहीं उठता है ।

Short Notice Question

**बंगाल और उड़ीसा राज्यों के नाम पर सेना गठित करना**

**अल्प-सूचना प्रश्न संख्या १८. श्री प्रकाशवीर शास्त्री :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :